# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

## जुलाई-अगस्त, 2006 सत्र

### सोमवार, दिनांक 31 जुलाई, 2006

### तारांकित प्रश्नोत्तर

प्रदेश में बिजली कटौती संबंधी जानकारी

1. ( *क्र. 64) **श्री महेन्द्र कर्मा :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में बिजली कटौती कब से कितने-कितने घंटे की आरंभ की गई है ? (ख) शहरी इलाकों में कितने एवं ग्रामीण इलाकों में कितने घंटे विद्युत कटौती की जा रही है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) प्रदेश में दिनांक 22-04-05 से ग्रामीण इलाकों को चार समूहों में बांटकर सायं 6.00 से रात्रि 12.00 बजे के मध्य डेढ़-डेढ़ घंटे प्रति समूह घोषित बिजली कटौती आरंभ की गई. (ख) वर्तमान में शहरी इलाकों (जिला मुख्यालयों को छोड़कर) एवं ग्रामीण इलाकों को चार समूहों में बांटकर सायं 6.00 बजे से रात्रि 12.00 बजे तक डेढ़ घंटे प्रति समूह घोषित बिजली कटौती की जा रही है एवं इसी तरह अति आवश्यक होने पर प्रात: 5.00 बजे से 11.00 बजे के मध्य डेढ़-डेढ़ घंटे समूहवार विद्युत कटौती भी की जाती है.

आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो/एन्टी करप्शन ब्यूरो द्वारा दर्ज शिकायत पर कार्यवाही

2. ( *क्र. 771) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो/एन्टी करप्शन ब्यूरो ने 01 जनवरी, 2005 से 30 जून, 2006 तक कितने मामले दर्ज किए ? नाम सहित जानकारी दें ? (ख) राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने सामान्य प्रशासन विभाग की पदस्थापना वाले कितने अधिकारियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किये ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट पर है. (ख) कोई भी प्रकरण दर्ज नहीं किया गया.

विकासखण्ड पाली तथा कटघोरा क्षेत्र के टोलों/मुहल्लों के विद्युतीकरण बाबत

3. ( *क्र. 438) **श्री बोधराम कंवर :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधान सभा क्षेत्र कटघोरा के पाली व कटघोरा विकासखण्ड के कितने और कौन-कौन से टोले/मुहल्ले का विद्युतीकरण किया जाना शेष है ? ग्रामवार जानकारी दें ? (ख) वित्तीय वर्ष 2005-06 में कितने और किन-किन टोले/मुहल्लों का विद्युतीकरण किया गया है ? (ग) वित्तीय वर्ष 2006-07 के लिए कितने टोले/मुहल्लों का विद्युतीकरण किया जाना प्रस्तावित है ? विकासखण्डवार, ग्रामवार जानकारी दें ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) उपलब्ध जनगणना विवरण, जिसमें ग्रामों के अंतर्गत वार्डों के रूप में टोलों/मोहल्लों का उल्लेख है, के अनुसार दिनांक 30-06-2006 की स्थिति में कुल 157 टोलों/मोहल्लों का विद्युतीकरण किया जाना शेष है. ग्रामवार टोलों/मोहल्लों की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-I में दर्शाई गई है. (ख) कुल 06 टोलों/मुहल्लों का. टोलों/मुहल्लों के नाम पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-II में दर्शाए गए हैं. (ग) कुल 12 टोलों/मुहल्लों का. इन टोलों/मुहल्लों की विकासखण्डवार एवं ग्रामवार जानकारी भी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-II में दर्शाई गई है.

बलौदा बाजार जिला रायपुर में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत निर्माणाधीन सड़कों की जानकारी

4. ( *क्र. 633) **श्री गणेश शंकर बाजपेयी :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजनांतर्गत बलौदा बाजार विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2004-2005 एवं 2005-2006 में कौन-कौन सी सड़क मंजूर की गई एवं किस-किस में काम

प्रारंभ किया गया है ? वर्षवार लागत सहित जानकारी दें ? (ख) क्या सभी सड़कों में कार्य पूर्ण हो गया है ? यदि नहीं, तो कब तक पूर्ण होगा ? सड़कों का भौतिक सत्यापन कब-कब किया गया ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर) : (क) प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजनांतर्गत बलौदाबाजार विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2004-05 में 3 सड़कें एवं 2005-06 में 4 सड़कें स्वीकृत है. सड़कवार विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''एक'' में दर्शित है. (ख) जी नहीं. विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''एक'' के स्तंभ 8 में दर्शित है. सड़कों का भौतिक सत्यापन बावत जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''दो'' में दर्शित है.

कोरिया जिले में काम के बदले अनाज योजना के संबंध में

5. ( *क्र. 671) **श्री गुलाब सिंह :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) काम के बदले अनाज योजना में जिला कोरिया में वर्ष 2005-06 में भूमि संरक्षण विभाग को कितनी राशि आवंटित की गई थी ? (ख) क्या काम के बदले अनाज योजना में अनियमितता की शिकायत मुख्यमंत्री महोदय तथा पंचायत मंत्री महोदय को प्रश्नकर्ता द्वारा की गयी थी ? यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गई ? (ग) क्या यह सत्य है कि प्रेमनगर विधान सभा क्षेत्र के निर्माण कार्य गुणवत्ता विहीन होने के कारण कलेक्टर सरगुजा द्वारा दिनांक 02-06-06 को जांच टीम का गठन किया गया था ? यदि हां, तो जांच में क्या पाया गया और दोषियों के खिलाफ क्या कार्यवाही की गई ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर) : (क) काम के बदले अनाज योजनांतर्गत जिला कोरिया में सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी मनेन्द्रगढ़ को वर्ष 2005-06 में स्वीकृत कार्यों हेतु नगद राशि 32.571 लाख रु. एवं खाद्यान्न मात्रा 284.60 मे. टन (खाद्यान्न कीमत 18.499 लाख रु.) कुल रुपये 51.070 लाख आवंटित की गई थी. (ख) जी हां. काम के बदले अनाज योजना में अनियमितता की शिकायत प्राप्त हुई थी. जिस पर कलेक्टर द्वारा कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग बैकुण्ठपुर को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया. जांच की कार्यवाही प्रचलित है, किन्तु सहायक भूमि सरंक्षण अधिकारी मनेन्द्रगढ़ द्वारा कराये गये काम के बदले अनाज योजनांतर्गत एवं अन्य विभागीय कार्यों की जांच कृषि यंत्री संचालनालय, कृषि छ. ग. रायपुर द्वारा की गयी. उनके जांच प्रतिवेदन के आधार पर तत्कालीन सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी मनेन्द्रगढ़ के विरुद्ध विभागीय जांच संस्थित की जाकर कार्यवाही की जा रही है. (ग) जी हां. प्रेमनगर विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत निर्माण कार्य के गुणवत्ताहीन होने के संबध में माननीय विधायक मनेन्द्रगढ़ से प्राप्त शिकायत के आधार पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सरगुजा द्वारा जांच दल का गठन किया गया है. गठित जांच दल से जांच प्रतिवेदन अप्राप्त है, जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने उपरांत दोषी पाये जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्यवाही की जावेगी.

स्वर्ण जयंती योजनान्तर्गत लाभान्वित कृषक

6. ( *क्र. 515) **श्री बलराम सिंह :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) स्वर्ण जयंती विद्युत योजना के अंतर्गत तखतपुर विधान सभा क्षेत्र में कितने कृषक लाभान्वित हो रहे हैं ? (ख) उक्त योजना के अंतर्गत कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं एवं उसमें से कितने कृषकों को कनेक्शन दिया गया है व कितने प्रकरण लंबित हैं इनके लिये क्या कार्यवाही की जा रही है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 69 कृषक लाभान्वित हो रहे हैं. (ख) कुल 107 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 35 आवेदन विभिन्न कारणों से निरस्त किये गये. शेष 72 आवेदनों में से औपचारिकतापूर्ण करने वाले 69 कृषकों को कनेक्शन दिये जा चुके हैं तथा 02 कृषकों के नलकूपों का खनन नहीं होने के कारण कनेक्शन के कार्य लंबित है. 01 प्रकरण, स्वीकृति उपरांत औपचारिकता हेतु लंबित है. उक्त 02 नलकूपों के खनन हो जाने एवं औपचारिकता हेतु लंबित प्रकरण में संबंधित कृषक द्वारा औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरांत कार्यवाही की जा सकेगी.

लौह अयस्क के खनन हेतु प्रदत्त पट्टे की जानकारी

7. ( *क्र. 448) **श्री लच्छुराम कश्यप :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दन्तेवाड़ा जिले में लौह अयस्क खनन हेतु किरन्दुल, बचेली एवं ग्राम फरसपाल में कितने रकबे में कौन-कौन से व्यक्ति या संस्थान को कब से कितने वर्षों हेतु पट्टे की स्वीकृति प्रदान की गई है ? (ख) प्रश्नांश (क) के पट्टेधारियों में कितने आदिवासी, कितने गैर आदिवासी तथा कितने स्थानीय निवासी एवं बाहरी हैं ? नाम एवं पता बतावें ? (ग) लौह अयस्क खनन हेतु पट्टे की स्वीकृति बावत कितने आवेदन पत्र लंबित है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) प्रश्नाधीन क्षेत्र में लौह अयस्क खनन हेतु नेशनल मिनरल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड के पक्ष में निम्नलिखित खनिपट्टे स्वीकृत किये गये हैं :—

| क्र. | ग्राम | स्वीकृत क्षेत्र (हेक्टर में) | स्वीकृति आदेश का दिनांक | स्वीकृति अवधि | नवकरण क्षेत्र (हेक्टर में) | नवकरण आदेश का दिनांक | नवकरण अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1. | किरन्दुल | 1809.23 | 27-12-1966 | 12-9-1967 से 11-9-1997 | 874.924 | 29-6-2002 | 29-6-2002 से 28-6-2022. |
| 2. | किरन्दुल | 407.55 | 11-2-1965 | 11-9-1965 से 10-9-1995 | 322.368 | 29-6-2002 | 29-6-2002 से 28-6-2022. |
| 3. | किरन्दुल | 546.882 | 20-4-1965 | 6-12-1965 से 5-12-1995 | 506.742 | 29-6-2002 | 29-6-2002 से 28-6-2022. |
| 4. | बचेली | 672.25 | 12-2-1965 | 11-9-1965 से 10-9-1995 | 540.050 | 26-6-2002 | 26-6-2002 से 25-6-2022. |
| 5. | बचेली | 326.34 | 11-2-1965 | 11-9-1965 से 10-9-1995 | 309.340 | 11-12-98 | अनुबंध निष्पादन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन. |
| 6. | बचेली | 308.13 | 7-3-1967 | 12-9-1967 से 11-9-1997 | 142.800 | 11-12-98 | अनुबंध निष्पादन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन. |

(ख) खनिपट्टाधारी नेशनल मिनरल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, भारत सरकार का सार्वजनिक उपक्रम है. (ग) दन्तेवाड़ा जिले में लौह अयस्क खनिपट्टा के कुल 138 आवेदन वर्तमान में लंबित है.

## राजनांदगांव जिले में संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्य

8. ( *क्र. 464) **श्री रजिन्दरपाल सिंह भाटिया :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजनांदगांव जिले के विधान सभा क्षेत्र खुज्जी के विकासखण्ड छुरिया व अम्बागढ़ चौकी में संपूर्ण ग्रामीण रोजगार अंतर्गत 20%, 30%, 50% मद से वर्ष 2005-06 में कुल कितनी राशि के कार्य स्वीकृत किए गए ? कितने अपूर्ण हैं ? कितने पूर्ण हो चुके हैं ? (ख) क्या पूर्ण कार्यों के नकदी और खाद्यान्न का भुगतान हो गया है ? यदि नहीं, तो किन-किन कार्यों का कितनी मात्रा का खाद्यान्न भुगतान शेष है और क्यों ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर) : (क) राजनांदगांव जिले के विधान सभा क्षेत्र खुज्जी के विकासखण्ड छुरिया व अम्बागढ़ चौकी में संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना अंतर्गत 20%, 30%, 50% मद से वर्ष 2005-06 में कुल राशि रु. 310.658 लाख के 1349 कार्य स्वीकृत किए गए हैं. स्वीकृत कार्यों में से 1122 कार्य पूर्ण हो चुके हैं एवं 227 कार्य अपूर्ण है. मदवार विवरण † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) जी हां. पूर्ण कार्यों में नकद राशि एवं खाद्यान्न का भुगतान हो गया है. भुगतान शेष नहीं है.

## सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों को निरस्त किए जाने संबंधी

9. ( *क्र. 192) **डॉ. बालमुकुन्द देवांगन :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला पंचायत दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के आदेश क्र. 3815 दिनांक 23-01-06 के अनुसार संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना (20%) के अंतर्गत स्वीकृत 105.70 लाख के 82 कार्य किस कारण से निरस्त किये गये ? (ख) निरस्त किये गये कितने कार्यों में निर्माण कार्य प्रारंभ (निरस्त पूर्व) किया जा चुका था ?

† परिशिष्ट ''एक''

**पंचायत मंत्री** ( श्री अजय चंद्राकर) : (क) जी हां . सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना की मार्गदर्शिका में उल्लेखित प्रावधान के विपरीत प्राप्त आवंटन का 125% से अधिक राशि के स्वीकृत कार्यों में से 82 अप्रारंभ कार्य (लागत रु. 105.70 लाख) की स्वीकृति निरस्त किया गया. (ख) कुल निरस्त 82 कार्यों में से केवल एक कार्य आंगनबाड़ी भवन निर्माण, ग्राम सिंगारपुर, जनपद पंचायत, डौंडीलोहारा निरस्ती के पूर्व प्रारंभ होना पाया गया.

भाटापारा एवं सिमगा विकासखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में पदों की स्वीकृति

10. ( *क्र. 169) **श्री चैतराम साहू :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले के भाटापारा एवं सिमगा विकासखण्ड के अंतर्गत संचालित सामुदायिक तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में किस-किस रोग के विशेषज्ञ डॉक्टरों (नाम सहित) के पद स्वीकृत हैं तथा कितने कार्यरत एवं कितने कब से रिक्त हैं ? (ख) रिक्त पदों की पूर्ति कब तक की जावेगी ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य** (डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी) : (क) सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, भाटापारा में क्रमश: खण्ड चिकित्सा अधिकारी, भैषजिक विशेषज्ञ, शल्य विशेषज्ञ, शिशुरोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, पोस्ट ग्रेज्युएट चिकित्सा अधिकारी (निश्चेतना) का एक-एक पद तथा चिकित्सा अधिकारी के दो पद स्वीकृत है. इन पदों के विरुद्ध वर्तमान में 8 चिकित्सा अधिकारी पदस्थ है. इसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिमगा में क्रमश: खण्ड चिकित्सा अधिकारी, भैषजिक विशेषज्ञ, शल्य विशेषज्ञ, शिशुरोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, पोस्ट ग्रेज्युएट चिकित्सा अधिकारी (निश्चेतना) का एक-एक पद तथा चिकित्सा अधिकारी के दो पद स्वीकृत है. इन पदों के विरुद्ध वर्तमान में 6 चिकित्सा अधिकारी पदस्थ है. विशेषज्ञों के पद दिनांक 18-8-2005 से रिक्त है. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में विशेषज्ञों के पद स्वीकृत नहीं है. डॉक्टरों के नामों का विवरण † संलग्न परिशिष्ट पर दर्शित है. (ख) निश्चित समयावधि बताया जाना संभव नहीं है.

विधान सभा क्षेत्र राजिम के ग्रामों के मजरों-टोलों में विद्युतीकरण/विद्युत विस्तार के संबंध में

11. ( *क्र. 663) **श्री चन्दूलाल साहू :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजिम विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत किन-किन ग्रामों के मजरों-टोलों के विद्युतीकरण का कार्य शेष है ? कब तक पूर्ण करने का लक्ष्य है ? (ख) वित्तीय वर्ष 2004-05 एवं 2005-06 में कितने ग्रामों के मजरों-टोलों में विद्युतीकरण/विद्युत विस्तार का कार्य किया गया है ? विकासखण्डवार ग्रामों के मजरों-टोलों का नाम बतावें ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) उपलब्ध अभिलेख के अनुसार राजिम विधान सभा क्षेत्र का कोई मजरा/टोला विद्युतीकरण हेतु शेष नहीं है. तथापि वर्ष 2009 तक शतप्रतिशत घरों तक विद्युत सुविधा उपलब्ध कराए जाने के राष्ट्रीय लक्ष्य की पूर्ति हेतु केन्द्र शासन के राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य के सभी 16 जिलों की जिलेवार योजना बनाई जा रही है. रायपुर जिले की बनाई गई योजना में राजिम विधान सभा क्षेत्र के वर्तमान में विद्यमान विद्युतीकृत ग्रामों एवं मजरों/टोलों के अविद्युतीकृत रिहायशी क्षेत्र शामिल किये गये हैं. उक्त योजना की स्वीकृति उपरांत शतप्रतिशत रिहायशी क्षेत्रों में विद्युतीकरण के कार्य योजना अवधि में पूर्ण किये जायेंगे. (ख) 14 ग्रामों के कुल 15 मजरों/टोलों का विद्युतीकरण किया गया है. विकासखण्डवार एवं ग्रामवार मजरों/टोलों के नाम †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शाए गए हैं.

कलेक्टर, सरगुजा द्वारा बालको के स्वीकृत बाक्साईट खनिज पट्टे के संबंध में

12. ( *क्र. 140) **श्री भूपेश बघेल :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या कलेक्टर सरगुजा द्वारा दिनांक 13-3-2006 के तहत बालको के स्वीकृत बाक्साईट खनिज पट्टे के संबंध में जारी कारण बताओ नोटिस से संबंधित पत्र शासन को प्रेषित किया गया है ? (ख) क्या इस संबंध में कलेक्टर कोरबा द्वारा भी दिनांक 17-4-2006 को कलेक्टर सरगुजा को पत्र प्रेषित कर प्रतिलिपि शासन को प्रेषित की गई है ? (ग) यदि हां, तो शासन द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) जी हां. (ख) जी हां. (ग) कलेक्टर सरगुजा के पत्र दिनांक 13-3-2006 तथा कलेक्टर, कोरबा के पृष्ठांकन दिनांक 17-4-2006 में उल्लिखित लीज डीड की शर्तों के उल्लंघन तथा खनिज रियायत नियम, 1960 के नियम 27 के प्रावधान के उल्लंघन के संबंध में अध्यक्ष, भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड, कोरबा को शासन द्वारा दिनांक 16-6-2006 को नोटिस जारी कर 60 दिवस के अन्दर उनका स्पष्टीकरण चाहा गया है. बालको से अभी तक कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है. उत्तर प्राप्त होने पर उसका परीक्षण कर विधिवत आगामी कार्यवाही की जाएगी.

---

† परिशिष्ट ''दो''

†† परिशिष्ट ''तीन''

सारंगढ़ विधान सभा क्षेत्र में राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत आवंटित राशि

13. ( *क्र. 303) **सुश्री कामदा जोल्हे :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) सारंगढ़ विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय रोजगार गारंटी कार्यक्रम के तहत जून 2006 तक कितनी राशि आवंटित की गयी तथा कितना व्यय किया गया ? (ख) रोजगार गारंटी कार्यक्रम के तहत कितने मजदूर कार्य करने हेतु पंजीबद्ध किए गए हैं तथा पंजीबद्ध मजदूरों में से कितने को जॉब कार्ड जारी किया गया है ? (ग) 1-7-2006 तक कुल कितने मजदूरों को कुल कितने कार्य दिवस के लिए काम उपलब्ध कराया गया है ?

**पंचायत मंत्री** ( श्री अजय चंद्राकर ) **:** (क) सारंगढ़ विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम के तहत जून 2006 तक कुल राशि 160.67 लाख रुपये का आवंटन दिया गया है. जिसमें से जून 2006 तक 23.655 लाख रुपये व्यय किया गया ? (ख) सारंगढ़ विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत रोजगार गारंटी कार्यक्रम के तहत कुल 38661 परिवारों के 111004 व्यक्तियों का पंजीयन किया गया है. पंजीकृत सभी 38661 परिवारों के जॉब कार्ड जारी किया गया है. (ग) दिनांक 1-7-2006 तक 3430 पंजीकृत व्यक्तियों को कुल 40278 कार्य दिवस के लिए कार्य उपलब्ध कराया गया.

निर्विरोध गठित ग्राम पंचायत के विकास कार्य हेतु स्वीकृत राशि

14. ( *क्र. 114) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) महासमुन्द जिला अंतर्गत किन-किन जनपद पंचायत क्षेत्र के किन-किन ग्राम पंचायतों का गठन निर्विरोध हुआ ? नाम सहित बतायें ? (ख) क्या शासन द्वारा निर्विरोध गठित पंचायतों को विकास कार्य के लिये दो लाख प्रदाय किये जाने की घोषणा की गई थी ? यदि हां, तो किन-किन ग्राम पंचायतों को राशि प्रदाय की गई ? यदि नहीं, तो कब तक प्रदान की जावेगी ? (ग) क्या यह सत्य है कि पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटगढ़ का गठन निर्विरोध हुआ था ? यदि हां, तो क्या वहां विकास कार्य के लिये 2 लाख रु. प्रदान किया गया है ? यदि नहीं, तो कब तक प्रदान किया जावेगा ?

**पंचायत मंत्री** ( श्री अजय चंद्राकर ) **:** (क) महासमुन्द जिला में जनपद पंचायत पिथौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटगढ़ एवं नयापाराकला, जनपद पंचायत बसना अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी तथा जनपद पंचायत सरायपाली अंतर्गत ग्राम पंचायत बाराडोली का निर्विरोध निर्वाचन हुआ है. (ख) जी नहीं. (ग) जी हां, पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटगढ़ का निर्विरोध निर्वाचन हुआ था. घोषणा नहीं होने से प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता.

एड्स नियंत्रण कार्यक्रम का क्रियान्वयन

15. ( *क्र. 782) **श्री त्रिलोचन पटेल :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत वर्ष 2005-2006 में प्रदेश से रक्त के कितने नमूने भेजे गए ? जिलेवार जानकारी दें ? (ख) राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत रक्त के नमूने संग्रहण के अलावा जन-जागृति के कौन-कौन से कार्यक्रम किन-किन के द्वारा संचालित हैं ? (ग) क्या एड्स नियंत्रण संबंधी कार्यक्रमों के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं को अनुदान दिया जा रहा है ? यदि हां, तो वर्ष 2005-2006 एवं चालू वर्ष में किन-किन को कितनी-कितनी राशि दी गई है ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य** ( डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी ) **:** (क) 2512 नमूने. जिलेवार जानकारी निम्नानुसार है :—

| क्र. | जिले का नाम | रक्त के नमूनों की संख्या |
|---|---|---|
| (1) | (1) | (3) |
| 1. | रायपुर | 200 |
| 2. | दुर्ग | 200 |
| 3. | कोरबा | 250 |
| 4. | जगदलपुर | 300 |
| 5. | राजनांदगांव | 403 |
| 6. | रायगढ़ | 359 |
| 7. | बिलासपुर | 400 |
| 8. | दंतेवाड़ा | 400 |
| | कुल | 2512 |

(ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''क'' एवं ''ख'' अनुसार. (ग) एड्स नियंत्रण संबंधी कार्यक्रमों के लिए अशासकीय संस्थाओं को नेशनल एड्स कंट्रोल आर्गेनाईजेशन के द्वारा स्वीकृत कार्य योजना अनुसार अनुदान प्रदान किया जाता है. विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''ग-1'' एवं परिशिष्ट ''ग-2'' अनुसार.

राजनांदगांव जिले में नवा अंजोर योजना अंतर्गत आवंटित राशि का विवरण

16. (*क्र. 639) **श्री देवव्रत सिंह :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) नवा अंजोर योजना, राजनांदगांव जिले के किन-किन जनपद पंचायत क्षेत्र में संचालित है ? (ख) कुल कितनी राशि उक्त योजना के अंतर्गत वर्ष 2004-05 एवं 2005-06 में आवंटित की गयी एवं कितनी-कितनी राशि, किन-किन मदों में खर्च की गयी ? कार्यों के नाम ग्रामवार, जनपदवार देवें. (ग) उक्त योजना के अंतर्गत वर्ष 2004-05 एवं 2005-06 में किन-किन स्थानों पर, कितनी-कितनी लागत से नलकूप खनन कराये गये हैं ? क्या नलकूप खनन की तकनीकी स्वीकृति, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के प्रावधान के अनुरूप है ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर) : (क) नवा अंजोर परियोजना राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव, छुरिया एवं अंबागढ़ चौकी जनपद पंचायत क्षेत्र के चयनित ग्राम पंचायतों में संचालित है. (ख) नवा अंजोर परियोजनांतर्गत जिले को वर्ष 2004-05 में राशि रु. 85.60 लाख एवं वर्ष 2005-06 में राशि रु. 288.64 लाख का आवंटन दिया गया जिसमें से समहित समूह उपयोजना मद में रुपये 195.046 लाख, पंचायत उप परियोजना मद में रु. 119.609 लाख पंचायत भवन निर्माण मद में रु. 26.00 लाख तथा प्रशासनिक मद में रु. 27.387 लाख कुल रु. 383.042 लाख का व्यय किया गया है. जनपदवार, ग्रामवार, कार्यवार, वर्षवार विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''एक'' (अ) एवं (ब) में दर्शित है. (ग) नवा अंजोर परियोजनांतर्गत वर्ष 2004-05 में 08 नग एवं 2005-06 में 71 नग नलकूप स्थापना की उप परियोजना स्वीकृत की गई है. नलकूप खनन की तकनीकी स्वीकृति लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग छत्तीसगढ़ के मानकों के अनुरूप ही है. स्थानवार विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''दो'' में दर्शित है.

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा करवाए गए निर्माण कार्यों की जानकारी

17. (*क्र. 408) **डॉ. चेतन वर्मा :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधान सभा क्षेत्र बेमेतरा जिला-दुर्ग में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अंतर्गत दिनांक 1 अप्रैल, 2003 से 30 जून, 2006 तक किस-किस मद में कहां-कहां, क्या-क्या निर्माण कार्य करवाए गये ? (ख) प्रश्नांश ''क'' के अंतर्गत कार्यों की 30 जून, 2006 तक की भौतिक स्थिति तथा व्यय की राशि का विवरण देवें ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर) : (क) एवं (ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में दर्शित है.

पंचायत विभाग द्वारा एन. जी. ओ. को प्रदत्त राशि

18. (*क्र. 479) **श्री अमरजीत भगत :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) पंचायत एवम् ग्रामीण विकास विभाग सरगुजा द्वारा वर्ष 2003-2004 एवं 2005-06 में कुल कितनी राशि एन.जी.ओ. के माध्यम से खर्च की गई ? (ख) उक्त अवधि में किन-किन एन.जी.ओ. को कितनी-कितनी राशि आवंटित की गई ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर) : (क) वर्ष 2003-04 की जानकारी निरंक है. वर्ष 2005-06 की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है.

रायगढ़ में चिकित्सा महाविद्यालय हेतु भूमि का अधिग्रहण

19. (*क्र. 83) **डॉ. शक्राजीत नायक :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायगढ़ में चिकित्सा महाविद्यालय खोलने हेतु राज्य शासन ने 2002-03, 2003-04 में कितनी-कितनी राशि, किस-किस एजेंसी को कब-कब निर्माण हेतु दी ? निर्माण एजेंसी के अनुबंध में क्या-क्या शर्तें थी ? समय पर राशि खर्च नहीं करने पर शासन द्वारा क्या कार्यवाही की गयी ? (ख) क्या कलेक्टर रायगढ़ द्वारा निर्माण स्थल में परिवर्तन करने हेतु शासन को प्रतिवेदन दिया गया है. अगर हां, तो किस ग्राम में कितनी भूमि का अधिग्रहण किया गया है या किया जाना है ?

† परिशिष्ट ''चार''

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य** (डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी ) : (क) रायगढ़ में चिकित्सा महाविद्यालय खोलने हेतु भारत सरकार का उपक्रम हॉस्पिटल सर्विसेस कंसलटेन्सी कार्पोरेशन (एच.एस.सी.सी.) को दिनांक 11-8-2003 को कंसलटेन्ट नियुक्त किया गया था. अनुबंध की शर्तें पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''अ'' अनुसार है. शासन के आदेश क्रमांक एफ-10-213/2003/स्वास्थ्य, दिनांक 3-9-2003 द्वारा संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं, रायपुर को बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य हेतु राशि रु. 29.22 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई थी. उपरोक्त प्रशासकीय स्वीकृति के अंतर्गत चयनित भूमि के चारों ओर बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य किया गया है. निर्माण कार्य हेतु अन्य किसी राशि की प्रशासकीय स्वीकृति जारी नहीं की गई. अत: उचित समय पर राशि खर्च नहीं किये जाने का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है. (ख) जी हां. रायगढ़ शहर से 2 किलोमीटर दूरी पर ग्राम-बेन्द्राचुंआ में प.ह.नं. 13 स्थित 16.186 हेक्टेयर शासकीय भूमि उक्त कार्य हेतु दिनांक 17-11-2005 को आवंटित की गई है.

कृषकों को विद्युत पम्प कनेक्शन देने संबंधी जानकारी

20. ( *क्र. 3) **श्री मोतीलाल देवांगन :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि चांपा विधान सभा क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2004-05 एवं 2005-06 में कितने कृषकों को विद्युत पम्प कनेक्शन देने के कार्य आदेश जारी किए गए ? जारी आदेश के अंतर्गत कितने पंप कनेक्शन दे दिए गए तथा कितने देना शेष हैं और क्यों ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह ) : कुल 92 पम्प कनेक्शनों के कार्यादेश जारी किये गये हैं जिनमें से 76 पम्प कनेक्शनों के कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं तथा 16 कनेक्शनों के कार्य किया जाना शेष है. स्थायी पम्प कनेक्शनों हेतु कृषकों द्वारा औपचारिकता पूर्ण करने के पश्चात् विद्युत लाईन विस्तार के कार्य संसाधनों की उपलब्धतानुसार क्रमश: किये जाते हैं. तदनुसार शेष 16 कनेक्शनों के कार्य भी यथा शीघ्र पूर्ण करने के प्रयास किये जा रहे हैं.

पंचायत विभाग द्वारा संचालित एन.जी.ओ. द्वारा कराये जा रहे कार्यों की जानकारी

21. ( *क्र. 652) **श्री धर्मजीत सिंह :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) सन् 2005-2006 एवं 2006-2007 में जिला-बिलासपुर, कबीरधाम, कोरबा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित कौन-कौन से कार्यक्रम एन.जी.ओ. द्वारा कराये जा रहे हैं ? एन.जी.ओ. का नाम उसके संचालक का नाम, एन.जी.ओ. के कार्यक्षेत्र के नाम सहित विवरण दें ? (ख) क्या प्रश्न (क) में पूछे गये एन.जी.ओ. को दिये गये धनराशि के खर्च एवं उनके कार्यों का परीक्षण विभाग के अधिकारियों द्वारा किया गया है यदि हां तो कौन-कौन से एन.जी.ओ. का निरीक्षण, परीक्षण किया गया है ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर ) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट के कालम 7 एवं 8 में दर्शित है.

गुण्डरदेही विकासखण्ड के अंतर्गत संचालित फर्शी खदानों की जानकारी

22. ( *क्र. 247) **श्रीमती रमशीला साहू :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के अंतर्गत कितने फर्शी खदान कहां-कहां संचालित है ? (ख) कौन-कौन सी खदानें निजी जमीन पर तथा कौन-कौन सी शासकीय भूमि पर है ? शासकीय भूमि का लीज कितने क्षेत्रफल में कब से कितनी अवधि के लिए है ? (ग) उपरोक्त खदानों की जांच वर्ष 2005-06 में कब-कब की गयी है ? क्या कोई अनियमितता पायी गयी है ? यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गयी है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह ) : (क) प्रश्नाधीन क्षेत्र में फर्शी पत्थर की 13 खदानें संचालित हैं. विवरण † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) तथा (ग) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है.

बिलासपुर जिले में रोजगार गारण्टी योजना के अंतर्गत कार्यों की जानकारी

23. ( *क्र. 367) **श्री चन्द्रभान बारमते :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिलासपुर जिले में रोजगार गारण्टी योजना के अंतर्गत 2 फरवरी, 2006 से दिनांक 30-6-2006 तक कुल कितनी राशि स्वीकृत की गई ? विकासखण्डवार जानकारी बतायें?

† परिशिष्ट ''पांच''

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत क्या-क्या कार्य स्वीकृत किये गये हैं और राशि आवंटन करने का क्या मापदण्ड है ? (ग) उक्त योजना के कार्यों की क्या प्रगति है ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर) : (क) बिलासपुर जिले में रोजगार गारण्टी योजना अंतर्गत 2 फरवरी 2006 से दिनांक 30-6-2006 तक कुल रु. 4318.82 लाख राशि स्वीकृत की गयी है. विकासखण्डवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र ''अ'' में दर्शित है. (ख) योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्य का विवरण † संलग्न प्रपत्र ''ब'' में दर्शित है. योजना मांग आधारित है, रोजगार हेतु पंजीकृत परिवारों की संख्या एवं रोजगार की मांग के आधार पर राशि का आवंटन किया जाता है. (ग) जानकारी † संलग्न प्रपत्र ''ब'' में दर्शित है.

स्वीकृत मजरों टोलों में विद्युतीकरण पूर्ण किये जाने बाबत

24. ( *क्र. 149) **श्री सियाराम कौशिक** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिल्हा विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2004-05 एवं 2005-2006 में किन-किन मजरों टोलों के विद्युतीकरण हेतु स्वीकृति प्राप्त हुई थी ? (ख) उपरोक्त में से कितने और कौन-कौन से मजरों टोलों का विद्युतीकरण कर दिया गया है और कितने का नहीं ? कार्य पूर्ण नहीं होने के क्या कारण हैं ?

**मुख्यमंत्री** ( डॉ. रमन सिंह ) : (क) कुल 16 मजरों/टोलों की. मजरों/टोलों के नाम †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शाए गये हैं. (ख) लक्ष्य के अंतर्गत शामिल विभिन्न विद्युतीकरण के कार्य संसाधनों की उपलब्धतानुसार क्रमश: किये जाते हैं. तदनुसार उक्त 16 में से 13 मजरों/टोलों के विद्युतीकरण कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं एवं 3 मजरों/टोलों के कार्य प्रगति पर है. मजरा/टोलावार कार्य की वर्तमान स्थिति भी †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शाई गई है.

सरपंचों के खिलाफ बकाया राशि की वसूली

25. ( *क्र. 737) **श्री उदय मुदलियार** : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि राजनांदगांव विधान सभा के अंतर्गत वर्ष 2005 के पूर्व किन-किन पंचायतों में किन-किन सरपंचों के खिलाफ कितनी-कितनी बकाया राशि की वसूली बाकी है ? ग्राम पंचायत एवं सरपंचों के नाम सहित राशि की जानकारी देवें ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर ) : जानकारी ‡ संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है.

---------

† परिशिष्ट ''छ:''  †† परिशिष्ट ''सात''  ‡ परिशिष्ट ''आठ''

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

## परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 08 (क्र. 464) के भाग (क) की जानकारी ]

### जिला राजनांदगांव

| क्र. | विकासखण्ड का नाम | विधान सभा क्षेत्र का नाम | सं. ग्रा. रो. यो. 20 प्रतिशत | | | | सं. ग्रा. रो. यो. 30 प्रतिशत | | | | सं. ग्रा. रो. यो. 50 प्रतिशत | | | | सं. ग्रा. रो. यो. 20 प्रतिशत | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कार्य संख्या | राशि | पूर्ण कार्य संख्या | अपूर्ण कार्य संख्या | कार्य संख्या | राशि | पूर्ण कार्य संख्या | अपूर्ण कार्य संख्या | कार्य संख्या | राशि | पूर्ण कार्य संख्या | अपूर्ण कार्य संख्या | कार्य संख्या | राशि | पूर्ण कार्य संख्या | अपूर्ण कार्य संख्या |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) | (13) | (14) | (15) | (16) | (17) | (18) | (19) |
| 1. | अम्बागढ़ चौकी | खुज्जी | 93 | 11.068 | 92 | 1 | 128 | 20.790 | 54 | 74 | 87 | 23.989 | 87 | 0 | 308 | 55.847 | 233 | 75 |
| 2. | छुरिया | खुज्जी | 202 | 57.010 | 135 | 67 | 526 | 109.953 | 441 | 85 | 313 | 87.848 | 313 | 0 | 1041 | 254.811 | 889 | 152 |
| | | **योग** | **295** | **68.078** | **227** | **68** | **654** | **130.743** | **495** | **159** | **400** | **111.837** | **400** | **0** | **1349** | **310.658** | **1122** | **227** |

## परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 10 (क्र. 169) के भाग (क) की जानकारी ]

| अ. क्र. (1) | सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नाम (2) | पदस्थ चिकित्सा अधिकारी का नाम (3) |
|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, भाटापारा | डॉ. आर. के अवस्थी<br>डॉ. आर. के. महेश्वरी<br>डॉ. कु. जागृति अग्रवाल<br>डॉ. डी. पी. वर्मा<br>डॉ. श्रीमती एस. महेश्वरी<br>डॉ. एस. के धागमवार<br>डॉ. आर. के. चाबा<br>डॉ. एस. डी. बघेल |
| 2. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, निपनिया | डॉ. अविनाश खरे |
| 3. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मोपर | डॉ. एम. नवल (संविदा)<br>डॉ. डी. गौतम (संविदा) |
| 4. | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिमगा | डॉ. एस. आर. चौधरी<br>डॉ. जी. सी. सोम<br>डॉ. ए. पी. नायक<br>डॉ. जे. मसीह<br>डॉ. एन. शर्मा<br>डॉ. रेशमा क्षत्री |
| 5. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हतबंध | डॉ. श्रीमती एम. बघेल |
| 6. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सुहेला | स्वीकृत दो पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया है. |

परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 11 (क्र. 663) के भाग (ख) की जानकारी ]

**राजिम विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2004-05 एवं 2005-06 में विद्युतीकृत किये गये मजरों/टोलों के, विकासखण्डवार एवं ग्रामवार नाम, जिनका उल्लेख जनगणना विवरण में नहीं है**

| विकासखण्ड (1) | ग्राम (2) | | मजरा/टोला (3) | |
|---|---|---|---|---|
| फिंगेश्वर | 1. | परसदा जोशी | 1. | कमारपारा |
| | 2. | बासिन | 2. | मौलीपारा |
| | 3. | टेका | 3. | सांईनगरपारा |
| | 4. | कोपरा | 4. | भाटापारा |
| | 5. | लालपुर | 5. | नईबस्ती |
| | 6. | बकली | 6. | बकली |
| | 7. | किरवई | 7. | किरवई |
| छूरा | 8. | साजापाली | 8. | बंजारीबाबापारा |
| | 9. | रवेली | 9. | कमारटोला |
| | 10. | अमेठी | 10. | नई बस्ती |
| | 11. | पण्डरीपानी | 11. | पण्डरीपानी |
| | 12. | सोरिद | 12. | बाईबाहरा |
| | 13. | गोदलाबाहरा | 13. | उलटपारा |
| | 14. | छूरा | 14. | महादेवघाट |
| | | | 15. | आवासपारा |

## परिशिष्ट "चार"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 18 (क्र. 479) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

**पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सरगुजा द्वारा वर्ष 2003-04 एवं 2005-06 में एन. जी. ओ. को आवंटित राशि की जानकारी**

| क्रमांक (1) | वर्ष (2) | एन. जी. ओ. का नाम (3) | आवंटित राशि (4) | व्यय राशि (5) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2003-04 | निरंक | निरंक | निरंक |
| 2. | 2005-06 | बजरंग लोक कल्याण समिति, अंबिकापुर | 279975.00 | 279975.00 |
| 3. | | बहेराडीह विकास समिति, राजपुर | 512100.00 | 512100.00 |
| 4. | | शीतल अनुसंधान ग्रा. वि. समिति, अंबिकापुर | 205500.00 | 205500.00 |
| 5. | | स्वपनिल एजुकेशन सोसायटी, दुर्ग | 975000.00 | 975000.00 |
| 6. | | मार्डन क्रियेटिव एजुकेशन सोसायटी, रायपुर | 733000.00 | 733000.00 |
| 7. | | उज्जवल जन विकास संस्थान, अंबिकापुर | 422000.00 | 422000.00 |
| 8. | | लखनपुर जन विकास संस्थान, लखनपुर | 150000.00 | 150000.00 |
| 9. | | छ. ग. आर्गेनाईजेशन, दुर्ग | 75000.00 | 75000.00 |
| 10. | | शुभा सोसल वेलफेयर सोसायटी, रायपुर | 392700.00 | 392700.00 |
| 11. | | विकास गंगा समिति, अंबिकापुर | 57000.00 | 57000.00 |
| 12. | | ग्रामीण आदिवासी सेवा समिति, राजपुर | 266000.00 | 266000.00 |
| 13. | | शांति ग्रामोस्थान समिति, अंबिकापुर | 30000.00 | 30000.00 |
| 14. | | अक्षरा ग्रामोस्थान समिति, अंबिकापुर | 25000.00 | 25000.00 |
| 15. | | नवउत्थान समाजसेवी संस्था, अंविकापुर | 440460.00 | 440460.00 |
| 16. | | सूत्र कन्सल्टिंग, रायपुर | 300000.00 | 300000.00 |
| 17. | | समर्थन, अंविकापुर | 1295000.00 | 1295000.00 |
| 18. | | सरगुजा ग्रामीण विकास संस्थान, वाड्रफनगर | 498700.00 | 498700.00 |
| 19. | | लोक शक्ति समिति, रायगढ़ | 197900.00 | 197900.00 |
| 20. | | जीवन विजय कल्याण समिति, अंबिकापुर | 25000.00 | 25000.00 |
| 21. | | युवा कल्याण समिति, अंबिकापुर | 431000.00 | 431000.00 |
| | | **योग** | **7311335.00** | **7311335.00** |

परिशिष्ट "पांच"
[ तारांकित प्रश्न संख्या 22 (क्र. 247) के भाग (क), (ख) एवं (ग) की जानकारी ]

**विकासखण्ड गुण्डरदेही, जिला दुर्ग में फर्शीपत्थर के स्वीकृत उत्खनिपट्टों का विवरण तथा निरीक्षण एवं की गई कार्यवाही की जानकारी**

| क्र. | पट्टेदार का नाम | ग्राम | अवधि | खसरा नंबर | स्वीकृत रकबा | निजी भूमि शास. भूमि | निरीक्षण दिनांक | निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितता का विवरण | की गई कार्यवाही का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) |
| 1. | मे. गुप्ता मार्बल्स प्रो. शिव कुमार गुप्ता | कुरदी | 7-12-96 से 6-12-06 | 368/भाग, 378/भाग, 379/भाग | 0.78 हे. | निजी भूमि | 29-1-06 | 1. सीमा स्तंभ नहीं लगे थे 2. खदान क्षेत्र में अभिलेख उपलब्ध नहीं था. | दिनांक 19-7-06 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया. |
| 2. | श्री खेमचन्द साहू | कुरदी | 20-5-99 से 19-5-09 | 409/ भाग, 912/भाग | 0.30 हे. | निजि भूमि | - | - | - |
| 3. | श्री अमृत लाल सिन्हा | सिकोसा | 03-05-06 से 02-5-11 | 962/भाग | 1.50 हे. | शास. भूमि | - | - | - |
| 4. | श्रीमती रजनी सिंह | कुरदी | 06-11-01 से 05-11-11 | 714/भाग, 715/भाग | 2.00 ए. | निजी भूमि | - | - | - |
| 5. | श्रीमती कौशिल्या देवी | कुरदी | 03-4-02 से 02-4-07 | 606/1 | 0.59 हे. | निजी भूमि | 12-1-06 | कोई अनियमितता नहीं पाई गई. | निरंक |
| 6. | श्रीमती कांता बाई चन्द्राकर | कुरदी | 11-3-03 से 10-3-08 | 363/भाग | 0.69 हे. | निजी भूमि | 12-1-06 | कोई अनियमितता नहीं पाई गई. | निरंक |
| 7. | श्री दुर्वासा प्रसाद | कुरदी | 19-11-04 से 18-11-14 | 606/2 भाग | 2.25 हे. | निजी भूमि | - | - | - |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8. | राजेश कुमार देशमुख | सिकोसा | 19-11-04 से 18-11-09 | 961/भाग | 3.66 हे. | शास. भूमि | - | - | - |
| 9. | कृष्ण कुमार साहू | कुरदी | 04-12-04 से 05-12-14 | 302,303,304, 404 | 1.21 हे. | निजी भूमि | 28-3-06 | कोई अनियमितता नहीं पाई गई | निरंक |
| 10. | मे. बजरंग स्टोन्स प्रो. श्री बुधराम साहू | कुरदी | 15-9-04 से 14-9-14 | 394/भाग | 0.71 हे. | निजी भूमि | - | - | - |
| 11. | श्री जी टाईल्स प्रो. हिम्मत कुमार पटेल | कुरदी | 09-6-05 से 08-6-15 | 716/भाग, 737/1, 2 | 1.10 हे. | निजी भूमि | - | - | - |
| 12. | दिव्य माईन्स प्रो. अबजी भाई | कुरदी | 2-12-05 से 01-12-15 | 633/3,4,5,6, 637/1, 634/15 | 1.31 हे. | निजी भूमि | 29-1-06 | कोई अनियमितता नहीं पाई गई | निरंक |
| 13. | पुखराज जैन | कुरदी | 26-4-05 से 25-4-15 | 395 | 0.65 हे. | निजी भूमि | 12-1-06 | कोई अनियमितता नहीं पाई गई | निरंक |

## परिशिष्ट "छ: "

[ तारांकित प्रश्न संख्या 23 (क्र. 367) के भाग (क), (ख) एवं (ग) की जानकारी ]

### प्रपत्र "अ "

**रोजगार गारंटी योजना के तहत विकासखंडवार जारी प्रशासकीय स्वीकृति राशि की जानकारी**

(राशि रु. लाख में )

| क्रमांक (1) | विकासखंड का नाम (2) | स्वीकृत कार्य संख्या (3) | जारी प्रशासकीय स्वीकृति (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | लोरमी | 183 | 1054.55 |
| 2. | गौरेला | 40 | 99.25 |
| 3. | तखतपुर | 129 | 567.78 |
| 4. | पेण्ड्रा | 31 | 88.31 |
| 5. | पथरिया | 46 | 138.33 |
| 6. | बिल्हा | 130 | 601.56 |
| 7. | मुंगेली | 134 | 438.36 |
| 8. | मस्तुरी | 79 | 399.30 |
| 9. | मारवाही | 72 | 437.99 |
| 10. | कोटा | 109 | 493.39 |
| | योग | **953** | **4318.82** |

प्रपत्र "ब"

## रोजगार गारंटी योजना के तहत बिलासपुर जिले में स्वीकृति कार्य एवं प्रगति की जानकारी

| क्रमांक | कार्य का नाम | स्वीकृत कार्य संख्या | कार्य की भौतिक स्थिति पूर्ण/ अपूर्ण | |
|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्ण कार्य संख्या | कार्य प्रगति पर |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | जल संवर्द्धन एवं लघु सिंचाई | 516 | 58 | 458 |
| 2. | वृक्षारोपण | 30 | 0 | 30 |
| 3. | बाढ़ नियंत्रण कार्य | 4 | 0 | 4 |
| 4. | भूमि सुधार कार्य | 181 | 17 | 164 |
| 5. | ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य | 222 | 13 | 209 |
| | **योग** | **953** | **88** | **865** |

## परिशिष्ट " सात "

[ तारांकित प्रश्न संख्या 24 (क्र. 149) के भाग (क ) एवं (ख) की जानकारी ]

### बिल्हा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2004-05 एवं 2005-06 में विद्युतीकरण हेतु स्वीकृत मजरों/टोलों के नाम एवं उनके विद्युतीकरण कार्य की वर्तमान स्थिति

| क्रमांक | मजरा/टोला | ग्राम | विद्युतीकरण कार्य की वर्तमान स्थिति |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | इंदिरा आवास | सम्बलपुरी | पूर्ण |
| 2. | गोठान मोहल्ला | सरगांव | पूर्ण |
| 3. | सतनामी मोहल्ला | मोहभट्ठा | पूर्ण |
| 4. | आवास मोहल्ला | पौंसरी | पूर्ण |
| 5. | इंदिरा आवास | कनेरी | पूर्ण |
| 6. | इंदिरा आवास | सकरी | पूर्ण |
| 7. | इंदिरा आवास | रहंगी | पूर्ण |
| 8. | इंदिरा आवास | धुरू | पूर्ण |
| 9. | अमरैयापारा | | पूर्ण |
| 10. | नवापारा | उमरिया | पूर्ण |
| 11. | सत्यानगर वार्ड नं.-19 | अमेरी | पूर्ण |
| 12. | इंदिरा आवास | धमनी | पूर्ण |
| 13. | इंदिरा आवास | चकरभाठा | पूर्ण |
| 14. | इंदिरा आवास | बीरकोनी | कार्य प्रगति पर |
| 15. | इंदिरा आवास | पिरैया | कार्य प्रगति पर |
| 16. | अनुसूचित जाति मोहल्ला | कुंआ | कार्य प्रगति पर |

परिशिष्ट " आठ "

[ तारांकित प्रश्न संख्या 25 (क्र. 737) की जानकारी ]

**राजनांदगांव विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2005 के पूर्व भू. पू. सरपंचों/प्रशासकों के विरुद्ध बकाया राशि की वसूली योग्य राशि एवं खाद्यान्न की ग्राम पंचायतवार जानकारी**

| क्रमांक | ग्राम पंचायत का नाम नाम | बकायादार भू. पू. सरपंच/प्रशासक का नाम | बकाया राशि नगद (रुपये) | खाद्यान्न (क्विंटल) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | देवादा | स्व. श्री प्रमोद दुबे | 61569.61 | - |
| 2. | इंदावानी | श्री बीरसिंग साहू | 13099.00 | - |
| 3. | बरगा | श्री रवि चंद्रवंशी | 40281.95 | - |
| 4. | --,,-- | श्री मुकुंद चंद्रवंशी | 3115.65 | - |
| 5. | भंवरमरा | श्री विश्राम दास साहू | 24650.00 | - |
| 6. | पारीखुर्द | श्री झुलुराम | 3675.00 | - |
| 7. | कोपेडीह | श्री नरसिंह पवार | 2537.00 | - |
| 8. | धर्मापुर | श्री रेशमलाल कोसरे | 8842.00 | - |
| 9. | --,,-- | श्री अरविंद नेताम | 38832.00 | 106.1 |
| 10. | --,,-- | श्री नरेन्द्र कुमार | 9375.00 | - |
| 11. | धनगांव | श्री कोमल सिंह ठाकुर | 3958.00 | - |
| 12. | सुंदरा | श्री इतवारी राम | 13302.00 | - |
| 13. | --,,-- | श्री दिनेश शर्मा | 40378.00 | - |
| 14. | डिलापहरी | श्री मनसुख नेताम | 11000.00 | - |
| 15. | --,,-- | श्री रामजी कतलम प्रशासक (स. वि. वि. अ.) | 1350.00 | - |
| 16. | नवागांव | श्री योगेश्वर देशमुख | 1989.00 | - |
| 17. | --,,-- | श्री गंगाराम बघे | 1463.00 | - |
| 18. | सिंघोला | श्री सनतकुमार | 78443.00 | - |
| 19. | आरला | श्री लीलाधर साहू | 83337.00 | - |
| 20. | सुकुलदैहान | श्री अशोक देवांगन | 112296.00 | - |
| 21. | खैरा (रवेली) | श्री शंभू वैष्णव | 86000.00 | - |
| 22. | --,,-- | श्री नोखेराम | 3765.62 | - |
| 23. | भोथीपार खुर्द | श्री सतानंद साहू | 5938.00 | - |
| 24. | उसरीबोड़ | श्रीमती रूखमणी साहू | 5000.00 | - |
| 25. | अंजोरा | श्री अर्जुन लाल | 1559.00 | - |
| 26. | --,,-- | श्री शत्रुहन लाल | 9310.00 | - |
| 27. | --,,-- | श्री सुख दास धुर्वे प्रशासक (स. ग्रा. प. अ.) | 310.75 | - |
| 28. | इंदावानी | श्रीमती सोनबती गहणे | 34344.00 | - |
| 29. | इंदामरा | श्री नीलम सिंह कोर्राम | 52121.00 | - |
| 30. | सिंगपुर | श्री कामता प्रसाद साहू | 113710.70 | - |
| 31. | धर्मापुर | श्री भगवती बंजारे | 31081.00 | - |
| 32. | बरगा | श्री गिरधारी लाल ध्रुव | 6400.00 | - |
| 33. | डिलापहरी | श्री बिसाहूराम | 28378.00 | - |
| 34. | लिटिया | श्री गोपीचंद गायकवाड़ | 225056.00 | - |
| | | **योग** | **1156467.28** | **106.1** |